# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर–दिसम्बर 2022

**परीक्षा का नाम :** विशारद प्रथम (प्रथम प्रश्नपत्र)

**विषय : कथ्थक**

दि. 20/11/2022 समय : 3 घंटे (सुबह 9 से 12) कुल अंक : 75

**सूचना :** 1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । 2) बाकी प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न हल करें । 3) कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखे । 4) सभी प्रश्नों के गुण समान है ।

**प्रश्न 1) लिपीबध्द कीजिये। (कोई 3)** (15)

1) झपताल में फर्माईशी चक्रदार
2) झपताल में कवित्त
3) तीनताल में बेदम तिहाई
4) धमार में परनजुडी आमद
5) धमार में चक्रदार परण

**प्रश्न 2) अ) एक वाक्य में उत्तर लिखीये।** (5)

1) दशानन रावण कौनसे नायक का उदाहरण है?
2) ताल के दस प्राणोमें से एक प्राण जाति है, शास्त्रनुसार जिसके कितके प्रकार है?
3) कथकली भारत के कौन से प्रांत कि शास्त्रीय नृत्यशैली है?
4) नृसिंह अवतार दिखाने के लिए कौनसी हस्तमुद्रा धारण करते है?
5) संकेतस्थल पर पहुँचकर भी नायक के न मिलने पर दु:खी / अपमानित होनेवाली नायिका क्या कहलाती है?

**ब) रिक्त स्थानोंकी पूर्ती कीजिये।** (10)

1) एक रचना कि लय जब आदी या अंत में दृत तथा मध्य में मध्य हो तब वह रचना ---------- यती कहलाती है।

2) जब गीत और ताल आगे पीछे प्रारंभ हो तो उसे -------- कहा जाता है।

3) संगीत कि गायन, वादन या नर्तन क्रिया में व्यतीत होनेवाले समय को ---------- कहते है।

4) शास्त्रानुसार निश्चित रहनेवाले, कलाप्रिय एवं मृदू स्वभाव के नायक को ---------- कहते है।

5) प्रिय से मिलने को जो नायिक स्वयं मिलन स्थल को गमन करे उसे ---------- नायिका कहते है।

6) संसार कि असारता सा आत्मबोध के कारण हृद्य कि निर्लेप भावना या विरक्ती से उत्पन्न रस ---------- कहलाता है।

7) तराना एक ---------- शब्द है, जिसका अर्थ गाना या नगमा है।

8) आदी में ख्याल, मध्य में तराना और सरगम तथा अंत में पखवाज के बोल हो तो ऐसी रचना ---------- कहलाती है।

9) कथकली नृत्य को स्थानिक केरला भाषा में ---------- भी कहा जाता है।

10) महारास, वसंतरास, कुंजरास, नित्यरास यह ---------- नृत्य के भेद है।

**प्रश्न 3) नवरस क्या है? सभी नवरसों के नाम लिखकर उनके स्थायी भाव लिखें। कोई चार रस विस्तत में समझाइए। (15)**

**प्रश्न 4) संक्षिप्त जानकारी लिखिए। (कोई तीन) (5X3 = 15)**

1) धिरललित नायक
2) प्रोषितपतिका नायिका
3) जातिभेद
4) यतिभेद

प्रश्न 5) भरतनाट्यम् और मणिपुरी नृत्य की संपूर्ण जानकारी देते हुएँ उनकी वेशभूषाएँ, और साथसंगत करनेवाले वाद्यों के नाम लिखें। (15)

प्रश्न 6) विस्तृत जानकारी दे। $(7\frac{1}{2}+7\frac{1}{2}=15)$

1) भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा

2) वराह अवतार तथा नृसिंह अवतार कि कथा एवंम् नृत्य में प्रयुक्त हस्तमुद्रा

प्रश्न 7) निबंध लिखीये। (15)

नाट्यशास्त्र के अनुसार नाट्य कि उत्पत्ती, नाट्य का उद्देश तथा प्रयोजन एवंम् नाट्य कि प्रस्तुती।